## खबर संक्षेप

### आबकारी विभाग ने की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में मण्डला जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध की गई कार्यवाही में कारिकोन, महाराजपुर, मानादेही क्षेत्र में दबिश की कार्यवाही की गई। मानादेही में नर्मदा नदी के किनारे मदिरा निर्माण एवं विक्रय करने वाले अड्डों पर दबिश की कार्यवाही में कुल 3 अड्डों से 130 डिब्बे महुआ लाहन के बरामद किए। लगभग 1300 किलो महुआ लाहन भरा पाया गया जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख 30 हजार रूपए है। जप्त लाहन को घटनास्थल पर नष्ट किया गया। 75 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा बरामद किया जिसकी अनुमानित कीमत 11 हजार 250 रूपए है। कारिकोन में मदिरा विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध 3 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया जिसमें 20 लीटर कच्ची मदिरा 18 प्लेन मदिरा को जप्त किया गया। प्रकरण में ज्ञात/अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत धारा 34(1) का पंजीबद्ध किया गया। जप्त मदिरा एवं लाहन की कुल अनुमानित कीमत 1 लाख 45 हजार 750 रूपए है। उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सर्वेश नागवंशी, श्रीमती शैली सैयाम, प्रधान आरक्षक भानु पूसाम, दुर्जन कुलेश, श्रीमती शकुंतला सैयाम, श्रीमती प्रिया नायडू, विजय कमलेश, सत्यपाल मरावी, रघुनाथ उइके, कन्हैया, महेश पटेल उपस्थित रहे।

### पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत जागरुकता शिविर 26 नवंबर को

**मण्डला।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के द्वारा खादी और ग्रामोद्योग आयोग म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के तत्वाधान में बैंकों के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लिए भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं 5वां जनजातीय गौरव दिवस 2025 के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडला में 26 नवंबर 2025 को दोपहर 1:30 बजे से जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाना है।

### 44वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 दिल्ली में

**मण्डला।** 44वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025, 14 से 27 नवंबर 2025 तक प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। मेले में राज्य स्तरीय समिति के द्वारा चयनित, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला से वित्तीय सहायता प्राप्त इकाई मेसर्स पराज इण्डस्ट्रीज प्रा.लि. औद्योगिक क्षेत्र पीपरपानी मंडला के डायरेक्टर श्री अखिल वीरानी के द्वारा निर्मित उत्पाद एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत कोदो-कुटकी का राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनी में स्टॉल के माध्यम से जिले के ओडीओपी उत्पाद का प्रदर्शन किया गया।

### शिक्षण समय में छात्रों से बोर्ड लगवाने का मामला चर्चा में

# विद्यालय प्रबंधन पर सवालिया निशान

*** बीईओ को जांच के मिले निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणगंज में शिक्षण समय के दौरान छात्रों से बोर्ड लगवाने का मामला सामने आने के बाद पूरा क्षेत्र चर्चा में है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में कक्षा संचालन के समय कुछ शिक्षकों द्वारा नेशनल हाईवे के किनारे नया बोर्ड लगवाने का कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान छात्रों को पढ़ाई की जगह बोर्ड उठाने, पकड़ने और लगाने जैसे कार्यों में लगाया गया।

शिक्षण समय में छात्रों से इस प्रकार के श्रम कार्य कराना न केवल अनुचित है, बल्कि यह उनकी शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। बच्चों का विद्यालय आना पढ़ाई के लिए होता है, न कि मजदूरी जैसे कार्यों के लिए। ऐसी गतिविधियाँ शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं और छात्रों के मन में विद्यालय के प्रति गलत संदेश स्थापित करती हैं। वहीं बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शासन द्वारा सभी विद्यालयों को बजट आवंटित किया जाता है, इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों से कार्य कराना कई सवाल खड़े करता है।



जब इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन से जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि "काम लेबर कर रही थी, उसी समय बच्चे वहाँ आ गए।" भले ही इस तर्क को मान भी लिया जाए, परंतु यह भी स्पष्ट है कि शिक्षण समय में छात्रों का कक्षा से बाहर घूमना स्वयं विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है।

शिक्षकों का मुख्य दायित्व बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, न कि उनसे शारीरिक श्रम कराना।

इस घटना को लेकर ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएँ दोबारा न हों।

**इनका कहना है -**

*"यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। मैंने बीईओ को तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं। यदि विद्यालय में बच्चों से कोई भी प्रकार का कार्य कराया जा रहा है तो यह पूरी तरह अनुचित तथा निंदनीय है। दोषी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।"*

***-अभिषेक शर्मा***
***उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष, शिक्षा समिति, जनपद पंचायत नारायणगंज***


# एनसीसी स्थापना दिवस पर कला और जागरूकता का संगम



*** चित्रकला, नुक्कड़ नाटक और व्याख्यान माला संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में एनसीसी स्थापना दिवस पर कला और जागरूकता का संगम चित्रकला, नुक्कड़ नाटक और व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का 77वां स्थापना दिवस मनाया गया, जो 1948 में एनसीसी के औपचारिक उद्घाटन की वर्षगांठ का प्रतीक है। हालांकि, एनसीसी दिवस पारंपरिक रूप से हर साल नवंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है, ताकि 1948 में दिल्ली में पहली एनसीसी इकाई की स्थापना की तारीख को याद किया जा सके। एमपी आर्टी रेजिमेंट एनसीसी कमान अधिकारी कर्नल श्री विक्रांत त्यागी के मार्गदर्शन में शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय, मंडला में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं व्याख्यान माला जैसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और एनसीसी के मूल्यों व महत्व को उजागर किया। विद्यालय प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने इस अवसर पर छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल छात्रों में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं, बल्कि उन्हें देश की सेवा के लिए भी प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर श्री विपिन लखेरा, श्री संजय धनगर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया, शिक्षक प्रवीण अग्रवाल, शैलेश जायसवाल, अखिलेश उपाध्याय भी उपस्थित रहे।



## एसआईआर में शतप्रतिशत कार्य के लिए दो बीएलओ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल ऑफिसर्स द्वारा मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क किया जा रहा है। संपर्क के दौरान मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण एवं जानकारी संकलन कर बीएलओ ऐप के माध्यम से बूथ लेवल ऑफिसर्स द्वारा डिजिटाईज किया जा रहा है। शुक्रवार को विधानसभा क्रमांक 105 बिछिया के मतदान केंद्र 28 अहमदपुर के बीएलओ श्री सच्चिदानंद उलाड़ी और विधानसभा क्रमांक 107 मण्डला के मतदान केंद्र 248 तिलईपानी के बीएलओ श्रीमती मीनाक्षी याकूब और सुपरवाइजर श्री आकाश पटेल को जिला मुख्यालय बुलाकर सम्मानित किया गया।

दोनों बीएलओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा ने शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने दोनों बीएलओ को सबसे पहले शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करने के लिए बधाई भी दी। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार मंडला श्री हिमांशु भलावी, निर्वाचन अधीक्षक श्री सीके तिवारी सहित संबंधित बीएलओ उपस्थित थे।

**लोकार्पण** | **सांस्कृतिक और सामुदायिक विकास का मजबूत केन्द्र बनेगा भवन- सांसद**

# थानमगांव में सांसद द्वारा सामुदायिक भवन का लोकार्पण

*** क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता सांसद ने कहा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



अध्यक्ष एससी, एसटी कल्याण संबंधी समिति एवं लोकसभा सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने जनपद पंचायत निवास की ग्राम पंचायत थानमगांव के घुघरा में प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के सामुदायिक भवन के लोकार्पण अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि यह भवन क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक विकास का मजबूत केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में ऐसे बहुउद्देशीय भवन अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि यहाँ सामाजिक कार्यक्रम, जनसभाएं, प्रशिक्षण, महिला स्व-सहायता समूहों की बैठकें और विभिन्न शासकीय गतिविधियाँ सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगी।

सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि वन विभाग द्वारा 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह भवन स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। उन्होंने लघु वन उपज संगठनों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि संगठनों के सशक्त होने से वनाश्रित समुदायों को आर्थिक स्थिरता मिलती है और आजीविका के नए साधन विकसित होते हैं।

अपने उद्बोधन में उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल, संचार और वनाधिकार जैसे सभी क्षेत्रों में तेजी से कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता अद्वितीय है और इसे पर्यटन की दृष्टि से और अधिक विकसित किया जा सकता है। इसी संदर्भ में उन्होंने घोषणा की कि घुघरा जल प्रपात में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त सुविधाएँ विकसित की जाएँगी

इन सुविधाओं के विकसित होने से घुघरा जल प्रपात क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, जिससे आसपास के ग्रामीणों को रोजगार व आय के नए साधन मिलेंगे। उन्होंने स्थानीय जनता से अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें और सामुदायिक भवन का उपयोग क्षेत्र की एकता और प्रगति के लिए करें। उन्होंने वन विभाग, जनप्रतिनिधियों, लघु वन उपज संघ के सदस्यों तथा स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता में है और आने वाले समय में और भी जनहितकारी कार्य पूरे किए जाएंगे। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक श्री चैनसिंह वरकड़े ने कहा कि क्षेत्र अपनी प्राकृतिक सौन्दर्यता के लिए विख्यात है। यह पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने से स्थानीय रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू कुलस्ते, जनपद उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, एसडीएम श्री सीएल वर्मा, प्राथमिक लघु वनोपज सह समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### एक राय होकर की युवक से पिटाई

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम महगंवा खुर्द निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह गाडरवारा पीजी कालेज में बीए प्रथम वर्ष में अध्ययन करता है। बीते हुये दिवस जब वह कालेज के गेट के पास खड़ा हुआ था उसी दौरान प्रीतम केवट अपने मोटर साईकिल लेकर आया और रास्ता रोकते हुये सामने खड़ी कर दी जब प्रार्थी ने इस तरह मोटर साईकिल खड़ी करने से मना किया तो आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये अपने साथी सज बैरागी, प्रिंस पंडया को बुलाते हुये तीनों ने एक राय होकर प्रार्थी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### खेत पर लगे पेड़ उखाड़ने पर मारपीट

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पचामा निवासी विश्राम पिता बालाराम वर्मा उम्र 45 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने खेत पर धान में पानी लगा रहा था उसी दौरान गांव का वीरन पिता सतीश वर्मा आया और प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देते हुये बोला की तू ने मेरे खेत में लगे हुये पेडो के पौधा क्या उखाड़े प्रार्थी द्वारा कहा कि मै तो अपने खेत में पानी दे रहा हूं मैने कोई पेड़ नही उखाड़े। इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### सीना में लात मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बोहानी निवासी कोमल पिता मुन्शीलाल मेहरा उम्र 65 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव के राजेन्द्र नाथ के घर के पास बैठा हुआ था उसी समय गांव का कम्मू उर्फ कुलदीप पिता नरेश ठाकुर नाले की ओर से आया ओर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी ने सीने में लात मारते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पिता से हुये विवाद के चलते पुत्र ने की पिटाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बोहानी निवासी राजेन्द्र पिता अमरदास जाअव उम्र 28 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस मुहल्ला में ही निवासी करने वाले मिहीलाल से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद जब प्रार्थी अपने किसी काम से कही जा रहा था उसी दौरान मिहीलाल जाटव का लड़का विश्राम जाटव मिला और अपने पिता से हुये विवाद को लेकर प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### ट्रेक्टर की टक्कर से पहुंची चोट

**सांईखेड़ा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पीपरपानी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि उसका भाई राजेश जब अपने गांव पीपरपानी से टेकापार वाले खेत जा रहा था उसी दौरान एक ट्रेक्टर क्रमांक MP-38-AC-3723 का चालक द्वारा अपेन ट्रेक्टर को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मारकर चोट पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### घघरौला में डबल ट्राली लगा हुआ ट्रेक्टर ट्राली पलटने से एक की मौत, दो घायल

# क्षेत्र की सड़कों पर फिर दिखाई देने लगी मौत का तांडव मचाते हुये एक ट्रेक्टर में डबल ट्रालियाँ





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर आये दिन आरटीओं से लेकर पुलिस अधिकारियों को छोटे मोटे वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढाते हुये उनके खिलाफ कार्यवाही करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर हर वर्ष जिस तरह खुलेआम नियमों को दर किनार करते हुये एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली का उपयोग करने वालों को जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जाता है। वह निश्चित ही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस वर्ष गन्ना का सीजन शुरू होते हुये फिर क्षेत्र की सड़को पर एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये मौत मौत का तांडव मचाते हुये ट्रेक्टर ट्राली फिर नजर आने लगे है। इस बात की सच्चाई बीते हुये शुक्रवार को समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम घघरौला में देखने मिली जहां पर एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये गन्ना परिवहन किये जाने के दौरान गन्ना से लदी हुई ट्रालियों के पलट जाने के कारण एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही अन्य दो युवकों को गंभीर रूप से घायल होने के चलते उपचार हेतु भेजा गया है। बताया जाता है कि ग्राम कोठिया से गन्ना लेकर एक ट्रेक्टर डबल ट्राली लगाकर परिवहन करते हुये भौरझिर की ओर जा रहा था। यह डबल ट्राली लगा हुआ ट्रेक्टर दोनो ट्रालियों सहित पलट जाने के कारण तीन युवक नीचे दब गये जिसमें मौजूद लोगों द्वारा दो युवकों को तो घायल अवस्था में निकाल लिया गया। मगर एक युवक पूर्णरूप से पिचला होने के चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा पहुंचकर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। मगर इस तरह एक ट्रेक्टर में डबल ट्रालियों का परिवहन करना नियम विरूद्व होने के बाद भी क्षेत्र में सड़को पर खुलेआम तांडव मचाते हुये दिखाई देने के बाद भी प्रशासन की चुप्पी सबालों के घेरे में आने से नही चूक पा रही है..? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह ट्रेक्टर कोई किसानों के नही होते है यह तो दूसरे प्रांत से आये हुये उन लोगों के होते है जो अपने निजी स्वार्थ व डीजल बचाने के चक्कर में धड़ल्ले से नियमों को दर किनार करते हुये लोगों की जिन्दगी के साथ खिलबाड़ करते हुये देखे जाने के बाद भी इनकी मनमानी को अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जाना निश्चित तौर से संरक्षण की मुद्रा की ओर संकेत देने से नही चूक रहा है..? क्योंकि प्रतिवर्ष देखा जाता है कि गन्ना सीजन शुरू होते ही क्षेत्र की सड़को पर गन्ना ढोने वाली डबल ट्रालियों की धमाचौकड़ी शुरू हो जाती है जो इस वर्ष भी शुरू हो चुकी है। इस तरह एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाना जहां यातायात नियमों के खिलाफ माना जाता है। मगर इसके बाद भी पुलिस लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज किया जाना आमजन की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है। इस समय क्षेत्र की सड़कों पर बाहर से आये हुए लोगों द्वारा अपने स्वार्थ व कमाई के चलते खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये डबल ट्रालियों का उपयोग करते देखा जाने लगा है। जबकि बीते हुये वर्षो में क्षेत्र के लोगों द्वारा इसका विरोध किया गया था तो उस समय यहां पर तैनात रहे कर्त्तव्य निष्ठ पुलिस से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारियों ने इस तरह डबल ट्रालियों के संचालन पर तुरंत रोक लगवाते हुये सख्त कार्यवाही की गई थी। जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लग गया था। मगर इस वर्ष फिर सड़कों पर मौत का तांडव मचाते हुये दौड़ रही इन ट्रालियों पर अभी तक किसी तरह की कोई कार्यवाही की शुरूआत नही होने के चलते इनके हौसले बुलंद होने से नही चूक रहे है। क्योंकि जब यह डबल ट्राली लगी हुई ट्रेक्टर ट्राली किसी मार्ग से गुजर रहे होते है तो पीछे चलने वाला वाहन आगे होने के लिये इस सोच के चलते घुस जाता है कि वह निकल जावेगा। मगर जब उसे दूसरी ट्राली नजर आती है तो वह घबराते हुये दुर्घटना का शिकार होने से नही बच पाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र के लोगों द्वारा सड़को पर मौत का तांडव मचाते हुये दौडने वाली डबल ट्रालियों के परिवहन पर रोक लगाये जाने की मांग की जा रही है। इस समय देखने मिल रहा है कि क्षेत्र के गाडरवारा, सांईखेड़ा, सालीचौका, चीचली, कौडिया, बोहानी, खुलरी, पलोहा, बारहाबड़ा, भौरझिर व क्षेत्र के अनेक गांवा में बाहर से आये हुए लोगों द्वारा अपने स्वार्थ व कमाई के चलते खुलेआम एक ट्रेक्टर में गन्ने से भरी हुई डबल ट्राली लगाते हुए सड़कों पर दौड़ाने से नही चूक रहे है जो यातायात नियमों की धज्जियाँ उढ़ाते हुये आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा बनते हुये देखे जा रहे है..? इस संबंध में जब क्षेत्र के जागरूक लोगों से चर्चा की गई थी तो उनका कहना है कि यह बात सत्य है कि एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर उनका उपयोग करना पूर्णरूप से नियम के विरूद्व है। इतना ही नही इस प्रकार से डबल ट्रालियों के चलते आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा होने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर कानून के जानकारों का कहना है कि किसी वाहन में अपने निर्धारित मापदंडो के अतिरिक्त उसका संचालन किया जाता है तो वह निश्चित ही नियम विरूद्व माना जाता है और इस प्रकार से एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर परिवहन करना गलत तथा इनसे आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा होने की बात से इंकार नही किया जा सकता है? यदि समय रहते हुये यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार से क्षेत्र की सड़को पर दौड़ रही नियम विरूद्व डबल ट्रालियों के खिलाफ मुहिम शुरू नही की गई तो निश्चित क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

## कौरव महासभा के तत्वाधान में कल क्षेत्र के वीर सपूत को दी जावेगी श्रद्वाजलि

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस तरह के लोग बहुत की कम देखने मिलते है जो अपनी माटी व देश के प्रति अपना जीवन न्यौदाबर करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई हमारे क्षेत्र के ग्राम बोहानी निवासी इंस्पेक्टर आशीष शर्मा में देखने मिली है। उनके शहीद होने पर आज संपूर्ण क्षेत्र के लोग आंसू बहाते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है। क्योंकि जब किसी माता पिता का जवान बेटा व किसी का बड़ा भाई जाता है तो उनके दिल पर क्या गुजरती है। इस बात की सच्चाई बोहानी निवासी शर्मा परिवार में देखने मिल रही है जहां पर वृद्व माता पिता ने अपने जवान बेटा व छोटे भाई ने भगवान राम की तरह अपने छोटे भाई को लक्ष्मण की तरह मर्यादा का पाठ पढ़ाने में पीछे नही रहता था। वही दूसरे जिसमें अपने देश की धरती व देश के प्रति इतना प्रेम था कि भारत माता के प्रति आंख उठाकर देखने वालों के लिये अपनी जान दांव पर लगाने में पीछे न रहते हुये देश सुरक्षा के लिये अपने प्राण ही न्यौछाबर करते हुये अपने माता पिता सहित अपने गांव व क्षेत्र को इतिहास के पन्नों में दर्ज कराते हुये वीर गति को प्राप्त हो गया। इस तरह देशवासियों की सुरक्षा के लिये बीते हुये दिनो बालाघाट व छत्तीशगढ़ की बार्डर पर नक्शली हमले में वीर गति को प्राप्त होने वाले वाले ग्राम बोहानी निवासी आशीष शर्मा को नगर के हृदय स्थल झंडाचौकी पर अखिल भारतीय कौरव महासभा के तत्वाधान में कल यानि की 23 नवम्बर दिन राविवार को शाम 6 बजे श्रद्वाजंलि अर्पित करने का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में अखिल भारतीय कौरव महासभा के जिला अध्यक्ष राव पवन सिंह द्वारा देश प्रेमी नगरवासियों सहित सामाजिक संगठनों तथा समाजसेवी संस्थाओं से जुडे हुये सभी लोगों सहित आमजन से अधिक से अधिक संख्या में मौजूद रहते हुये गाडरवारा तहसील क्षेत्र का संपूर्ण भारत वर्ष में नाम रोशन करने वाले वीर सपूत आशीष शर्मा को अपने श्रद्वासुमन अर्पित करने के लिये मौजूद रहने की अपेक्षा जताई गई है।




## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन बीते शुक्रवार को अनेक शिक्षण संस्थाओ में किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 5 वी से कॉलेज तक के छात्र छात्राये शामिल हुए। परीक्षा दोपहर 12 से 1 बजे तक आयोजित हुई। बताया जाता है कि इसमें 100 अंको के बहुविकल्पीय एवं टाईबेकर के प्रश्नों के जवाब ओएमआर आंसरशीट पर छात्र छात्राओं ने दिये। यह परीक्षा क्षेत्र के शासकीय महाराणा प्रताप कॉलेज, नवोदय विद्यालय बोहानी, शा उ मा विद्यालय बारहबड़ा, बसुरिया, कठोतिया, शा कन्या उ मा विद्यालय गाडरवारा, शासकीय हाईस्कूल सिंहपुर छोटा, शासकीय माध्यमिक शाला सांगई सहित अनेक शासकीय व अशासकीय स्कूलों में आयोजित हुई। परीक्षा के आयोजन मे संस्था प्राचार्यो एवं शिक्षकों की अहम भूमिका रही।



## सालीचौका में शिकायत निवारण समिति की बैठक हुई आयोजित

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** नगर में शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता हे कि बैठक में जल प्रदाय परियोजना से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। वही बैठक में पुरानी नल कनेक्शनों की सूची उपलब्ध कराने, रोड कटिंग कार्यों की स्थिति तथा नए कनेक्शन के प्राइम जॉइंट संबंधी कार्यों में तेजी लाने पर भी सहमति दी गई। साथ ही बैठक में यह तय किया गया कि नए जल कनेक्शनों के शुल्क निर्धारण का प्रस्ताव तैयार कर इसे परिषद में रखा जायेगा। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भवानी शर्मा, सामुदायिक विकास अधिकारी अपराजिता मिश्रा, उपयंत्री हिमांशु शर्मा तथा शिकायत निवारण समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक के उपरांत समाजिक अंकेक्षण गतिविधियों के तहत विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके तहत स्वच्छ जल की उपयोगिता, सुरक्षित पेयजल के लाभ और जल प्रदाय परियोजना की महत्वता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों को स्वच्छ पानी स्वास्थ्य और जल संरक्षण के बारे में बताया गया। गौरतलब है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की जबलपुर इकाई द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से सालीचौका में जल प्रदाय परियोजना पर कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना है।



## पॉलीथिन पर शासन का प्रतिबंध दिखाई दे रहा बेअसर, खुलेआम हो रहा उपयोग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां प्रशासन द्वारा पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुये नगर पालिकाओं से लेकर नगर पंचायतों को उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश भी बीते हुये वर्ष जारी किये गये थें। मगर लगता है कि शायद वह आदेश नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों सिर्फ मुनादी तक ही सीमित होकर रहे गये है? यह बात जरूर है कि आदेश के कुछ दिनों तक नपा के अधिकारियों को कभी कभार बाजार में निकलकर कुछ लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की औपचारिकता जरूर निभाई गई थी। मगर शासन के इस आदेश को नगर पालिका से लेकर तहसील स्तर पर बैठे अधिकारियों द्वारा जिस तरह से नजर अंदाज कर दिया गया है उसका परिणाम है कि बाजार में भी पनी की की बाढ़ आते हुये देखी जाने लगी है तो दूसरी ओर शासन के इस आदेश को नजर अंदाज किये जाने के चलते सक्षम अधिकारियों की उदासीन कार्य प्रणाली उजागर होने से भी नही बच पा रही है? शायद इसी का परिणाम है कि शासन का प्रतिबंध आदेश के बाद भी इस समय लगातार हो रहे पॉलिथिन के उपयोग बेअसर दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि लोगों द्वारा पॉलीथिन का उपयोग करने में सिर्फ सब्जी भांजी ही नही रखी जा रही बल्कि गर्म चाय तक अब पॉलीथिनों में रखते हुये जहां तहां पहुंचाते हुये देखा जाना निश्चित तौर से जिम्मेदार अधिकारियों की गैर जिम्मेदारानी कार्य प्रणाली को उजागर करने से नहीचूक रहा है। क्योकि पॉलिथिन के उपयोग पर शासन द्वारा पर्यावारण की रक्षा को ध्यान में रखते हुये प्रतिबंध का निर्णय लिया गया था तो दूसरी ओर हर तहसील से लेकर नगर पालिका हो या फिर ग्राम पंचायतों के अधिकारियों को इस र कार्यवाही करने के आदेश जारी किये गये थें मगर शासन का आदेश मात्र चार दिन की चांदनी फिर .....साबित होने से नही चूक पाया है? यदि पॉलीथिन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक बडे चिकित्सों से लेकर वैज्ञानिको द्वारा बाया जाता है कि पॉलीथिन में रखी हुई गर्म वस्तु जहरीली होने से नही बच पाती है और शायद इसी सोच के चलते शासन द्वारा पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुये कार्यवाही के निर्देश दिये गये थें। मगर इस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि बाजार में खुलेआम पॉलीथिन का उपयोग होते हुये देखा जा रहा है।



## बनवारी में जादू नहीं विज्ञान हैं कार्यक्रम में शामिल हुये बच्चे

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जब बच्चे विज्ञान के चमत्कारों को देखते है तो निश्चित तौर से हैरत में पड़ने से नही चुकते है। उनके मनों में अनेक प्रकार की जिज्ञासा पैदा होते हुये देखी जाती है। उन जिज्ञासाओं के समाधान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बनवारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनवारी में जादू नहीं विज्ञान है। इसे समझना -समझाना आसान है कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य संतोष श्रीवास ने कहा हैं कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी छात्र छात्राएं विज्ञान विषय पर अपनी समझ विकसित करें। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने माड्यूल अनुसार एवं शिक्षको द्वारा सिखाये समझाये अनुसार विभिन्न प्रकार के जादू टोने एवं चमत्कारिक घटनाओ के पीछे निहित विज्ञान ही है ऐसा विभिन्न प्रयोगो से प्रदर्शित कर कारण सहित स्पष्ट किया। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षक कैलाश वर्मा ने उपस्थित छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर आनंद चौकसे, लालजी कपाड़िया सहित अन्य उपस्थित रहे।



## कांपते हाथों में पासबुक थाम लौट रहे पेंशन पाने वाले बृद्ध



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** सरकार वृद्धों को सुविधाऍ देने का तो दावा करती है पर स्वास्थ्य से लाचार वृद्ध महिलाऍ, पुरूष जीवन के आखिरी पड़ाव में किन कठिनाईयों का सामना कर रहे है, शायद इसकी पड़ताल कराने में प्रशासन कोई रूचि नहीं लेता है? जिसका नतीजा है की वृद्ध जन घनघोर अभावों में अपना शेष जीवन करने मजबूर होते हुए देखे जा रहे है, इसकी जीती जागती मिसाल इन दिनों शहर में देखने को मिल रही है। क्योंकि नपा से लेकर पंचायतों में बैठे हुए लोगों की उदासीनता का प्रमाण है कि आज भी अनेक वृद्व इस प्रकार के है जो इस योजना का लाभ लेने से बंचित दिखाई पड़ रहे है और वह आये दिन नपा या फिर पंचायत कार्यालयों के चक्कर काटते हुए देखे जाते है? इस संबंध बताया गया है कि शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धो, विकलांगो, विधवाओं को जो सरकार की ओर से मासिक पेंशन मिलती है उससे अनेक लोग आज भी वंचित चल रहे है। कभी कभी हालत इस प्रकार से देखने मिली है कि उन्हें 4 से 6 माह तक पेशन बैंक शाखाओं से प्राप्त नहीं हो पाती है, जिससे उन्हे आर्थिक दिक्कतों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है? इस संबंध में नगर के वृद्धो ने बताया कि वृद्धावस्था पेशन के वितरण में जो झमेला चल रहा है, वह असहनीय है, वृद्ध महिलाओं, पुरूषो को भले सरकार पेंशन के रूप अल्प राशि दे रही है पर उसका वितरण अनियमित हो रहा है, वृद्धावस्था पेशन पाने की आस में शरीरिक शिथिलता की मार झेल रहे वृद्ध जन बैंको में पहुँचते है तो उन्हे उत्तर मिलता है कि अभी उनके खाते में वृद्धावस्था पेंशन की राशि नही आयी है, जिसके चलते वह परेशान होते हुए दिखाई देते है?

## बालश्रम कानून का कागजों पर हो रहा है पालन, प्रशासन की अनदेखी के चलते आग की भट्टी के सामने काम करने की मजबूरी

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** शासन द्वारा बाल मजदूरी रोकने जारी निर्देशो का पालन कराने मे जहां जिला प्रशासन नाकाम हो रहा है वही बाल श्रमिकों के उत्थान हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी संबंधितों को नही मिल पा रहा है? जबकि पूर्व मे कारखाना अधिनियम 1948, खदान अधिनियम 1952 जहाज अधिनियम 1958, वृक्षारोपण अधिनियम 1961 तथा मोटर परिवहन श्रम अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के कारखानों एवं खदानों, मोटर यातायात आदि पर काम मे लगाना वर्जित है, वही हर वर्ष एक मई को मजदुर दिवस मनाया जाता है, मगर आजादी के बाद भी बाल श्रमिकों की किसी भी श्रमिक संगठन को याद नही आई, जिन बच्चों के हाथ मे किताब कापी होना चाहिए उन्हे पेट भरने के लिए कचरा बीनना, सिर पर लकड़ी का गट्टा ढोना, होटलो मे कम प्लेट धोना आदि नियति बन चुकी है, क्षेत्र में देखा जावे तो तमाम बाल श्रमिकों की तादात लगातार बढती जा रही है। इसके बावजूद भी जिले के श्रमिक कार्यालयो में बच्चों के सही आंकड़ तक मौजूद नही है। गरीबी व अज्ञानता के चलते आज भी क्षेत्र के हजारों बच्चों का स्कूलों से नाता जुड़ नही पाया है, उन्हे दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए स्वयं कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है, शासन द्वारा जहां साक्षरता का अलख जगाने के लिए गांव गांव मे स्कूल खोले गये है जहां पर उन्हें स्कूली डेरस के साथ साथ भोजन पुस्तको सहित अन्य सामग्री प्रदान की जा रही है तथा बच्चों को मेहनत मजदूरी से अलग रखा गया है फिर भी गरीबी के चलते बच्चे सरस्वती के वरदान से वंचित दिखाई पड़ रहे है। ग्रामीण अंचलों मे भोर मे उठना कुल्हाड़ी लेकर जंगल जाना लकड़ी काटना, भैस, गाय, बकरी चराना और रूपये कमाना जिंदगी बन गई है, शासन द्वारा करोडो की योजनाओं के बाद भी इन बेसहारा बच्चों के रहन सहन मे कोई बदलाब नही आ सका, इनका भविष्य अंधकार मय होता जा रहा है। गरीबी और भुखमरी के चलते इन बच्चों के माता पिता चाह कर भी शिक्षा दीक्षा न दिलाकर मजदूरी करवाने को विवश है? क्या करे गरीबी अभिशाप बन गई है बच्चों का सहारा लेना जरूरी भी और मजबूरी भी बन गया है? इसी के चलते अक्सर देखा जाता है कि बाहर से आये हुये मासूम बच्चे अनेक प्रकार के खेल दिखाते हुये अपना पेट पालने के मजबूर हो रहे है? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो सरकार द्वारा बच्चों का भविष्य बनाने के नाम पर हर वर्ष करोड़ो रूपया खर्च किये जाने के बाद भी मासूम बच्चों की जिन्दगी सुधरते हुये दिखाई नही दे रही है? ज्ञात हो कि बीते हुये कुछ माह पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा इस प्रकार से मासूम बच्चों को जोखिम भर काम करते हुये या फिर सड़को पर भीख मांगने वाले बच्चों की खोज करने के बाद उन्हे सुरक्षित करने के लिए मुहिम भी चलाई गई थी मगर पता नही वह मुहिम कुछ दिनों के उपरांत कहा गायब हो गई जिसके चलते अब मासूम बच्चे फिर जहां तहां दुकानों या फिर नगर के सार्वजनिक स्थलों पर अपनी जिन्दगी दाव पर लगाते हुये खेल दिखाने के लिए मजबूर होते हुये देखे जा रहे है?



## खबर संक्षेप

### आपकी पूंजी आपका अधिकार थीम पर अनक्लेम्ड असेट्स के प्रति जागरूकता शिविर सम्पन्न



डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ''आपकी पूंजी आपका अधिकार'' थीम पर अनक्लेम्ड अशेट्स के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान श्री एस सरवन आरबीआई, एलडीओ, श्री रविशंकर एलडीएम, बैंकर्स के प्रतिनिधि, बीमा कंपनी के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिविर के माध्यम से अग्रणी जिला प्रबंधक बताया गया कि इस अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को ऐसे निष्क्रिय खातों के बारे में अवगत कराया गया, जिसमें पिछले 10 वर्षों से कोई भी लेन देन नहीं हुआ है। आरबीआई प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि ऐसे सभी अदावाकृत एवं निष्क्रिय खातों को पूनः सक्रिय करने हेतु नागरिकों में जागरूकता बढाई जा रही है। साथ ही अदावाकृत बीमा के पुनः दावा हेतु नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। अंत में कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने बैठक में उपस्थित सभी बैंक एवं बीमा प्रतिनिधियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस अभियान को कैम्प मोड के माध्यम से प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा अपील की जाती है कि ऐसे नागरिक जिनका खाता निष्क्रिय हो चुके हैं वो इस अभियान का लाभ उठाते हुए बैंक से संपर्क कर पुनः दावा कर अपनी राशि प्राप्त कर सकते हैं।

### सक्का एवं किसलपुरी हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यशाला आयोजित



डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू भदोरिया के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम सिंगोर के मार्गदर्शन में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सक्का एवं किशलपुरी में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, तथा चाइल्डलाइन 1098 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति, उत्पीड़न या सहायता की आवश्यकता होने पर 1098 टोल-फ्री नंबर पर तुरंत संपर्क किया जा सकता है।

इसके साथ ही किशोरों के जेनेरिक समाजीकरण, आत्म-सुरक्षा, जागरूकता और सुरक्षित व्यवहार के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

कार्यशाला के दौरान छात्रों को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से जागरूक किया गया एवं उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से परिवीक्षा अधिकारी प्रकाश यादव, परामर्शदाता सुषमा डोंगरे, आउटरीच कार्यकर्ता पूजा टेकाम, विद्यालय के शिक्षकगण, तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय मप्र राज्य जैव विविधता क्विज का आयोजन 25 को

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जैव विविधता बोर्ड के माध्यम से लोक शिक्षण विभाग एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज-2025 (ऑफलाईन) का आयोजन 25 नवम्बर को जिला पंचायत के सामने डाइट भवन अनूपपुर में किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए वन मण्डलाधिकारी अनूपपुर ने बताया है कि क्विज प्रतियोगिता में जिलेभर के समस्त विद्यालय हायर सेकेण्डरी श्रेणी (कक्षा 9वीं से 12वीं) में हैं तो एक कक्षा से एक ही विद्यार्थी (कुल तीन विद्यार्थियों की एक टीम) जिसमें छात्र-छात्राओं का क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 24 नवम्बर 2025 तक टीम का पंजीयन किया जाएगा।

# फिक्स्ड प्वाइंट थ्योरी पर शोध के लिए श्रीमती कंचन बर्मन को गणित में पीएचडी की उपाधि






डिंडौरी।

कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित भव्य पांचवें दीक्षांत समारोह में श्रीमती कंचन बर्मन को गणित विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. शुभाशीष विश्वास के निर्देशन में "Recent Development of Fixed Point Theory in Generalized Metric Space with Applications" विषय पर शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

श्रीमती कंचन बर्मन का शोध फिक्स्ड प्वाइंट थ्योरी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है, जो गणितीय विश्लेषण, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस और अन्य वैज्ञानिक क्षेत्रों में उपयोगी सिद्धांतों को नई दिशा प्रदान करता है। उनके शोध को विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा अत्यंत उत्कृष्ट और व्यावहारिक आधार वाला बताया गया।

#### शिक्षा और उपलब्धियाँ

श्रीमती कंचन बर्मन वर्तमान में सांदीपनि विद्यालय डिंडौरी में गणित विषय में लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक से लेकर हायर सेकेंडरी तक की शिक्षा यशोदाबाई शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय खितौला, सिहोरा जिला जबलपुर से तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा मॉडल साइंस कॉलेज, जबलपुर से पूर्ण की। बचपन से ही शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कंचन ने विवाह के बाद भी उच्च शिक्षा का लक्ष्य जारी रखा और पारिवारिक दायित्वों के बीच अदम्य साहस, लगन और आत्मविश्वास से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

#### पारिवारिक और सामाजिक समर्थन

उल्लेखनीय है कि डॉ. कंचन बर्मन, जिले के जाने-माने पत्रकार एवं IBC 24 के संवाददाता श्री योगेंद्र बर्मन (बॉबी) की धर्मपत्नी हैं। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता, सहयोगी मित्रों, बच्चों, अपने पति श्री योगेंद्र बर्मन और प्रेरणास्त्रोत स्व. श्री विश्वनाथ बर्मन को समर्पित करते हुए कहा कि उनकी निरंतर प्रेरणा और सहयोग के कारण ही यह सफलता संभव हो सकी।

डॉ. कंचन बर्मन की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सामाजिक बंधुओं, परिवारजनों, सहकर्मियों, शिक्षा जगत से जुड़े लोगों एवं जिले के गणमान्य नागरिकों ने हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाइयाँ दी हैं। सभी ने कहा कि उनकी सफलता न सिर्फ परिवार बल्कि जिले और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और यह युवा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है।

## डिण्डौरी जिला सीएम हेल्पलाइन निराकरण में लगातार ए ग्रेड में




डिंडौरी। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिले में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की जा रही है। नम्बर 2025 में सीएम हेल्पलाइन में 83.71 वेटेज स्कोर के साथ विगत 06 माह से ए ग्रेड में स्थान बनाये हुए है । इस सफलता में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिले के समस्त विभाग और अधिकारियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने टीम के साथ मिलकर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण को सुनिश्चित किया। कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं टीम के सामूहिक प्रयासों से डिण्डौरी जिला सीएम हेल्पलाइन निराकरण में प्रदेश में अग्रणी बन रहा है।

## शिक्षा विभाग का अलर्ट- ई-अटेंडेंस की लापरवाही पर सख्ती




डिंडौरी । विकासखण्ड करंजिया में शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा ई-अटेंडेंस के माध्यम से दर्ज न करने पर सहायक आयुक्त ने गंभीर नाराजगी जताई है। 20 नवंबर 2025 को हुई वीसी बैठक में पोर्टल से मिली रिपोर्ट के आधार पर पता चला कि विकासखण्ड में अत्यंत कम संख्या में शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस लगाई है। इस पर सहायक आयुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी करंजिया ने समस्त संकुल प्राचार्यों, हाईस्कूल/हायर सेकेंडरी और प्राथमिक/माध्यमिक स्कूलों के प्रधान पाठकों को निर्देशित किया है कि ई-अटेंडेंस 100% सुनिश्चित करें। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी ई-अटेंडेंस नहीं लगाता है, तो उसका नवंबर 2025 का वेतन आहरण प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही आगामी कार्यवाही की जिम्मेदारी संबंधित प्रभारी की होगी।

# जादू नहीं विज्ञान है प्रतियोगिता में झगर हटा विद्यालय ने किया प्रथम स्थान प्राप्त

शहपुरा



समग्र शिक्षा अभियान, मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देश तथा जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में विकासखंड शाहपुरा के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शहपुरा परिसर में विकासखंड स्तरीय "जादू नहीं विज्ञान है" प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड के 15 हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के परिणामों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झगरहटा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहपुर ने तथा तृतीय स्थान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछिया ने हासिल किया।

#### विज्ञान आधारित प्रयोगों ने बांधा सबका मन

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना था। विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित मॉडल एवं प्रयोग प्रस्तुत किए, जिनमें जिज्ञासा, तार्किकता और नवाचार का सुंदर समावेश देखने को मिला।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक प्रमोद नामदेव, रमई मरावी और डब्लू. प्रसाद झारिया द्वारा किया गया। निर्णायकों ने प्रस्तुतियों का मूल्यांकन वैज्ञानिकता, प्रस्तुति कौशल और प्रासंगिकता के आधार पर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ. डी.के. श्रीवास्तव ने की। आयोजन एवं संचालन में कमल श्रीवास्तव, अनिल झारिया, शिवानी साहू, ऋचा चौरसिया और वंदना राठौर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकगण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और विज्ञान आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया।"जादू नहीं विज्ञान है" प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना को सुदृढ़ किया। इस आयोजन ने प्रतिभागियों को विज्ञान के रहस्यों को समझने और प्रयोगों द्वारा उन्हें प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया।

## प्रतिभा वान छात्र छात्राओ ने किया शैक्षणिक भारत भ्रमण



डिंडौरी। कलेक्टर अंजु पवन भदौरिया के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य राजेंद्र जाटव के मार्गदर्शन में माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल परीक्षा 2025 में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति संवर्ग के सर्वाधिक अंक प्राप्त विकास खंड वार प्रतिभा वान एक छात्र एक छात्रा तथा जिले में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र/छात्रओ को नामांकित कर कुल 08 छात्र एवं 08 छात्रा को राज्य स्तरीय नेतृत्व विकास शिविर एवं शैक्षणिक भारत दर्शन भ्रमण हेतु 15 नवंबर 2025 से 21 नवंबर 2025 तक लिए नामांकित किया गया। शैक्षणिक भारत भ्रमण में भोपाल से नई दिल्ली एवं आगरा के लिए भेजा गया। छात्र /छात्राओं में नेतृत्व गुण विकसित करने, मनोबल बढ़ाने, आधुनिक सोच विकसित करने तथा देश प्रदेश से परिचित कराने के उद्देश्य राज्य स्तरीय नेतृत्व विकास शिविर में जिले से कु. कुमकुम मरावी, सोनाक्षी धुर्वे, मोहित तेकाम , राकेश धुर्वे, रोशनी पन्द्राम, अमित कुमार, नितिन कुमार वरकड़े, मनीषा मरावी, भागवती परस्ते, पंकज चंद्रवंशी, दीपांजलि बास्पे, मनीष मरावी इत्यादि छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण जिले से किया । छात्रा मनीषा मरावी ने जनजाति कार्य विभाग एवं कलेक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे एवं हमारे साथी छात्राओं को पहली बार रेल से यात्रा करने का अवसर मिला, साथ ही नई दिल्ली, आगरा जैसे महानगरों मे ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन एवं अध्धयन का अवसर मिला । हम सभी इस यात्रा से बहुत खुशी हुई है।

# कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा



डिंडौरी

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा बैठक की गई। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के द्वारा जिले में ग्रेवियन संरचना, तालाब निर्माण, चैक डैम, स्टाप डैम, खेत तालाब, मेढ़ बंधान एवं उत्पादन प्रणाली में कलस्टर आधारित सब्जी उत्पादन, सोलर लिफ्ट ऐरिगेशन इकाई, स्प्रिंकलर सिस्टम, प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धक, सब्जी, मछली उत्पादन, वृक्षारोपण, पंप शीड्स, स्टैकिंग सामग्री किसानों हेतु शासन की योजना से लाभान्वित कराना उद्देश्य होता है। कलेक्टर ने बैठक के दौरान विभागीय अधिकारी, सब इंजीनियर, ब्लाक समन्वय को समय पर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ कहा कि ऐसे लघु कृषक एवं मध्यम कृषक को शासन की शर्तों के अनुसार पात्र किसानों को शासन की योजना से लाभान्वित किया जाए।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जिला प्रभारी को निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान आप अपने स्थापित इकाई मेढ तालाब, खेत तालाब, मछली उत्पादन, सब्जी उत्पादन आदि इकाईयों को जरूर दिखाएं। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने स्व-सहायता समूह एवं लघु कृषक को शासन की अनुदान राहत योजना के माध्यम से जोडकर उन्हें अनुदान राशि उपलब्ध कराई जाए ताकि किसानों को भुगतान कराने में सहयोग प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, वाडरशेड प्रभारी स्टीफन इक्का, सब इंजीनियर, ब्लॉक समन्यक सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोहतरा में सरकारी भवन वीरान, आंगनवाड़ी किराए के जर्जर मकान में संचालित




डिंडौरी । विकासखंड करंजिया की ग्राम पंचायत मोहतरा में शासकीय संसाधनों की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। संदीपनी स्कूल का नया भवन तैयार होने के बाद विद्यार्थियों को तो नए भवन में शिफ्ट कर दिया गया, लेकिन पुरानी शासकीय बिल्डिंग महीनों से बिना उपयोग के खाली पड़ी हुई है।ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार विभागों द्वारा इन भवनों की सुरक्षा और रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे धीरे-धीरे भवनों के जर्जर होने का खतरा लगातार बढ़ रहा है। यदि समय पर मरम्मत नहीं की गई तो सरकारी संपत्ति पूरी तरह नष्ट हो सकती है।

इसके विपरीत, हैरानी की बात यह है कि पंचायत की आंगनवाड़ी आज भी टूटे-फूटे किराए के मकानों में संचालित हो रही है, जबकि सरकारी भवन खाली रहते हुए बेकार पड़े हैं। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब सुरक्षित शासकीय भवन उपलब्ध हैं, तो आंगनवाड़ी को वहाँ स्थानांतरित क्यों नहीं किया जा रहा है?ग्रामीणों ने खाली पड़े भवनों की मरम्मत कर उन्हें उपयोग में लाने तथा आंगनवाड़ी को सुरक्षित भवन उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि बच्चों की शिक्षा व सुरक्षा के साथ सरकारी संसाधनों का सही उपयोग हो सके।ग्रामीणों का कहना है कि अगर उचित योजना बनाई जाए तो ये भवन ग्राम सभा, सामुदायिक कार्यक्रम, प्रशिक्षण और अन्य सार्वजनिक उपयोग के लिए भी बेहद उपयोगी साबित हो सकते हैं।

## जिला पेंशन फोरम की बैठक सम्पन्न



डिंडौरी

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पेंशन फोरम की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला मुख्य पेंशनर संघ, कर्मचारी संघों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक पेंशन से जुड़े विभिन्न लंबित प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने बैठक के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं सभी विभाग प्रमुख को सख्त निर्देश दिए हैं कि कोई भी शिक्षक, कार्यालयीन स्टॉफ के लंबित पेंशन प्रकरण एवं होने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों के दस्तावेज पूर्व से तैयार कर लिए जाएं ताकि सेवानिवृत्त के दिन संबंधित अधिकारी या कर्मचारी को समस्त दस्तावेज प्रदाय किया जा सके। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वृद्धा पेंशन, पारिवारिक पेंशन सहित सभी प्रकार के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पेंशनधारक शासकीय सेवकों के हित सर्वोपरि हैं और किसी भी परिस्थिति में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।

बैठक में साकेत नगर, हंसनगर में पेयजल, नर्मदा नदी पार बसाहट का नाम परिवर्तन, पेंशनरों के कार्यालय भवन निर्माण, सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के अवकाश नकदीकरण एवं पेंशन वितरण में विलंब की मांग रखी जिस पर कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी को समस्या का निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में जिला पेंशन अधिकारी, जिला कोषालय अधिकारी, जिला पंचायत के प्रतिनिधि, जल संसाधन विभाग, नगर परिषद अधिकारी, ऊर्जा, शिक्षा, राजस्व, वन, खाद्य विभाग के अधिकारी, विकास खंड, जनपद एवं तहसील कार्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न



डिंडौरी । कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजन आयोजित की गई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री सिविल, उपयंत्री मेकेनिकल उपस्थित हुए। बैठक में निरीक्षणकर्ता अधिकारी एवं संबंधित संविदाकार वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े ।

बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत 75 प्रतिशत से अधिक पूर्ण 48 नल जल योजनाओं की समीक्षा की गई, बैठक में विगत समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। 75 प्रतिशत से अधिक प्रगतिरत नल जल योजनाओं को 30 नवंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है जिसे पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।जिन ग्रामों में विद्युत के कारण नल जल प्रदाय प्रभावित हो रही है ग्राम की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। तथा समन्वय स्थापित कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए गए। पुनरीक्षित कार्य में विलंब के कारण लापरवाही बरतने वाले संविदाकार श्री सुरेंद्र प्रसाद ओझा एवं मनेंद्र कुमार को दिए गए निर्देशानुसार फॉर्मेट में शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के रेस्टोरेशन के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए उक्त कार्य की समीक्षा बैठक कलेक्टर द्वारा किया जावेगा। जल जीवन मिशन में 75 प्रतिशत प्रगति वाले 48 ग्रामों को शत प्रतिशत करने में उत्कृष्ट कार्य हेतु संबंधित उपयंत्री को कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया जावेगा जिसके लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

## जिला अस्पताल में आयोजित बाल हृदय कैंप, 56 बच्चों की हुई ईको जांच



डिंडोरी। जिला चिकित्सालय डिंडोरी में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (**RBSK**) के तहत बाल हृदय कैंप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय राज के मार्गदर्शन में जिला समन्वयक ओमप्रकाश उरैती के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कैंप में जिले के सभी विकासखंडों से मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा चिन्हांकित जन्मजात हृदय रोग (**CHD**) से पीड़ित 87 बच्चों में से 56 बच्चों का रजिस्ट्रेशन कर ईको जांच की गई। ईको जांच मेट्रो हॉस्पिटल जबलपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. के. एक उमामहेश्वर द्वारा की गई। जांच के उपरांत 8 बच्चों को मेट्रो हॉस्पिटल जबलपुर तथा 3 बच्चों को उपचार हेतु मुंबई रेफर करने की अनुशंसा की गई। कार्यक्रम के दौरान आयुष चिकित्सक डॉ. ऋषिकेश सिंह, डॉ. हर्षवर्धन सिंह धुर्वे, डॉ. त्रिवेणी धुर्वे, डॉ. नागेश मानिकपुरी, डॉ. प्रभात अवधिया, डॉ. बलराम सिंह उईके, डॉ. आकाश सिंद्रम, डॉ. मुकेश परते सहित एएनएम हुलसी मरकाम और कविता पटेल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### वोट चोरी विषय को लेकर ट्वीट पर दिल्ली और राजस्थान पुलिस ने किया मामला दर्ज

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी विषय को लेकर चलाए जा रहे पोल खोल अभियान के तहत तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के कुकवारा ग्राम के मंजीत सिंह घोसी द्वारा किए गए ट्वीट को लेकर दिल्ली एवं राजस्थान पुलिस में मामला दर्ज किया है।इसी सिलसिले में शुक्रवार के अलसुवह दिल्ली और राजस्थान पुलिस ने मंजीत सिंह घोसी को गिरफ्तार कर ले गए हैं। सूचना मिलते ही कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल तेंदूखेड़ा थाने पहुंचीं और उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ इस तरह के मामलों को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है और हर स्थिति में संघर्ष का ऐलान किया है। आज 22 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन की घोषणा की गई है।

### मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत राशि स्वीकृत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के ग्राम चिरहखुर्द के निवासी मनीष उइके कृषि संबंधित कार्य करते समय करंट लगने से उनकी 27 जून 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारसान उनकी पत्नि श्रीमती मीना बाई को मुख्यमंत्री जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह जानकारी डिप्टी कलेक्टर नरसिंहपुर ने दी।

### राधेश्याम चैरसिया का निधन अंतिम संस्कार आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बरमान निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय डालचंद चैरसिया जी के सुपुत्र व नारायण चैरसिया, मोतीलाल चैरसिया, जगदीश चैरसिया एवं सीताराम चैरसिया के छोटे भाई राधेश्याम चैरसिया का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 22-11-25 दिन शनिवार को सुबह 10 बजे के लगभग किया जायेगा।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**एसआईआर के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश**

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 118 के न्यूनतम प्रगति वाले विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण शुक्रवार को किया। उन्होंने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों जायजा लिया। उन्होंने एसआईआर के कार्य में बीएलओ को प्रगति लाने और शतप्रतिशत कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मतदान केन्ध्द्र क्रमांक 71 डोकरघाट में भूरीबाई पति अद्दीलाल का फार्म स्ध्वयं भरा। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने मतदान केन्द्र क्रमांक 71 डोकरघाट, मतदान केन्द्र क्रमांक 185 बकौरी, मतदान केन्द्र क्रमांक 231 मुंगवानी, मतदान केन्द्र क्रमांक 253 पाठा पिपरिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 242 महगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 239 आलोद, मतदान केन्द्र क्रमांक 180 बरपानी का निरीक्षण किया।



### निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र डोकरघाट, मगरधा, डांगीढाना, बचई, देवनगर बंद पाए गए



### निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गोटेगांव विकासखंड के ग्राम कोदरासकलां में निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और समय सीमा में पूर्ण किया जाए।

### आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण



कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान नरसिंहपुर विकासखंड के ग्राम मुंगवानी के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाएं देखी और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से पोषण आहार के बारे में भी जानकारी ली।

### बंद मिले उप स्वास्थ्य केन्द्र

कलेक्टर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देश पर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा के मार्गदर्शन में सीबीएमओ डॉ. रिचा मिश्रा ने शुक्रवार को नरसिंहपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले उप स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र डोकरघाट, मगरधा, डांगीढाना, बचई, देवनगर बंद पाए गए। इसके अलावा उप स्वास्थ्य केंद्र गोरखपुर एवं ऊसरी को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। बंद पाए गए उप स्वास्थ्य केन्द्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम और एमपीडब्ल्यू को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। समय सीमा में उक्त नोटिस का जवाब नहीं देने और संतोषजनक नहीं पाए जाने पर वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अमरदीप मिश्रा भी मौजूद थे।

# स्टेंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार नगरपालिकाओं की फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 के संदर्भ में शुक्रवार 21 नवंबर को स्टेंडिंग कमेटी बैठक का आयोजन अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सीएल चनाप की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जारी कार्यक्रमानुसार जिले के नगरीय निकाय की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया तथा इसकी जानकारीमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। शुक्रवार को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में जिले के पांचों नगरीय निकायों के 84 वार्डों के 201 मतदान केंद्रों में कुल 01 लाख 45 हजार 72 मतदाता शामिल हैं। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 71 हजार 598 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 73 हजार 465 एवं 09अन्य मतदाता शामिल हैं। निकायवार स्थिति निम्नानुसार है- सिवनी नगरपालिका क्षेत्र के 24 वार्डों के 118 मतदान केन्द्रों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 42 हजार 461, महिला मतदाताओं की संख्या 43 हजार 695 एवं 04 अन्य मतदाता सहित कुल 86 हजार 160 मतदाता शामिल हैं। नगर परिषद बरघाट क्षेत्र के 15वार्डों के 16 मतदान केन्द्रों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 04 हजार 937, महिला मतदाताओं की संख्या 05 हजार 331 एवं 02 अन्य मतदाता सहित कुल 10 हजार 270 मतदाता शामिल हैं। नगरपरिषद छपारा क्षेत्र के 15 वार्डों के 25 मतदान केन्द्रों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 08 हजार 306, महिला मतदाताओं की संख्या 08 हजार 531 एवं 01 अन्य मतदाता सहित कुल 16 हजार 838 मतदाता शामिल हैं। नगरपरिषद केवलारी क्षेत्र के 15 वार्डों के 23 मतदान केन्द्रों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 8 हजार 873, महिला मतदाताओं की संख्या 08 हजार 765 सहित कुल 17 हजार 638 मतदाता शामिल हैं। इस तरह नगरपरिषद लखनादौन क्षेत्र के 15 वार्डों के 19 मतदान केन्द्रों में पुरूष मतदाताओं की संख्या 07 हजार 21, महिला मतदाताओं की संख्या 07 हजार 143 एवं 02 अन्य मतदाता सहित कुल 14 हजार 166 मतदाता शामिल हैं।

# बिजली न मिलने से किसान परेशान, कार्रवाई की मांग

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नकटुआ सिंहपुर फीडर में आने वाले गांवों के किसानों को फसलों के लिए बिजली नहीं मिल रही है। जिसके कारण बोनी का कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा साथ ही जो फसल लगी हुए है उसकी सिंचाई नहीं हो पा रही। इसे लेकर शुक्रवार को ग्राम कुकवारा , कपूरी, बाबा टोला, मैनावारी, देवरी कला के किसानों ने कनिष्ठ यंत्री म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर (ग्रामीण) को ज्ञापन सौंपकर समस्या के निदान की मांग की। किसानों ने बताया कि लाईमेन मथुरा प्रसाद पाण्डेय द्वारा लापरवाही एवं लाईन छति दुरुस्त न करना, मेंटेनेंस न करने, किसानों द्वारा फाल्ट बताने पर भी लाईन न सुधारने एवं फोन करने पर फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी जाती है। किसानों ने बताया कि नकटुआ फीडर के अंतर्गत ग्राम कपूरी, कुकवारा, बाबाटोला, देवरीकला के किसान अत्याधिक परेशान एवं पीडित हैं। लाईन की छति होने के कारण सिचाई व्यवस्था ठप्प हुई पड़ी है जिसकी शिकायत करने पर कोई सुनवाई हो रही और फीडर की लाईन को लक्ष्मीनारायण हास्पिटल के पास से बिजली काट कर आधी लाईन चालू कर उक्त ग्राम के किसानों की लाईट बंद कर देता है। लाईनमेन के द्वारा किये जा रहे अनैतिक कृत्य से किसानों को लाखों रुपयों की छति हो रही है तथा उससे संपर्क करने पर उसके द्वारा धमकी दी जाती है कि अगर बार बार फोन लगाओगे तो तुम्हारे खिलाफ रिर्पोट दर्ज करादेगें। उसका कृत्य सिविल सेवा सहिता एवं कानून के विपरीत है। की जा रही लापर वाही पर तत्काल कार्यवाही की जावे तथा उसके कारण जो क्षति हुई है उसकी भरपाई कराई जावे तथा किसानों का 10 घंटे लाईट की व्यवस्था की जावे। उक्त मौके पर रानू धौरेलिया, रमंक भारद्वाज, राजन धोरेलिया, शुभम राजुल,आकाश , सार्थक, अभिषेक आदि किसान मौजूद थे।

# 5 वर्षीय अबोध बालिका के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नरसिंहपुर श्रीमति ज्योति मिश्रा के न्यायालय द्वारा पांच वर्षीय अबोध बालिका के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी राजाराम भारिया उम्र 34 वर्ष आत्मज रामदीप भारिया निवासी थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5(एम) सहपठित धारा 6 के आरोप में दोषसिद्ध पाते हुये 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000 हजार रुपये का अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में म0प्र0 शासन की ओर से प्रभारी उप संचालक अभियोजन रामकुमार पटेल एवं विशेष लोक अभियोजक अमित कुमार राय के द्वारा पैरवी की गई।

संक्षेप में अभियोजन घटना इस प्रकार है कि दिनांक 31.01.2025 को अभियोक्त्री की मां द्वारा थाना गोटेगांव उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेख करायी कि दिनांक 31.01.2025 के दोपहर 01.30 बजे करीब वह खाना बना रही थी, लडका स्कूल गया था पति खेत पर गये थे, अभियोक्त्री खेल रही थी, तब आरोपी राजाराम, जो उसके घर आता जाता रहता था और अभियोक्त्री को मोबाइल दिखाता रहता था, ने आकर अभियोक्त्री को मोबाइल देखने के लिए बुलाया, अभियोक्त्री मोबाइल देखने चली गयी करीब आधा घंटे बाद वह रोते रोते घर आयी तो उसके पूछने पर अभियोक्त्री ने बताया जिससे दर्द हो रहा है और बोल रहा था कि मम्मी को नहीं बताना वह उसे कुरकुरे लायेगा फिर वह वहां से मोबाइल फेंककर घर आ गयी थी, उसके बाद वह बच्ची को लेकर आरेपी राजाराम की टपरिया गयी थी तो राजाराम वहां से भाग गया था करीब 5 बजे उसके पति घर वापस आये तो उसने घटना बतायी और रिपोर्ट करने आयी। अभियोक्त्री की मां की उक्त रिपोर्ट पर से आरक्षी केन्द्र गोटेगांव में अपराध पर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की जाकर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।



# सर्दी में विद्यार्थियों को राहत, किसी भी रंग की स्वेटर पहन सकेंगे छात्र

### शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश दिया है कि सर्दी में कोई भी सरकारी अथवा प्राइवेट स्कूल यूनिफॉर्म से अलग रंग अथवा डिजाइन का स्वेटर पहनकर आता है तो उसे क्लास में बैठने से रोका नहीं जा सकता। मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने सर्दी में विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए स्कूलों के लिए आदेश जारी किया है, शिक्षा विभाग ने कहा है कि यदि कोई विद्यार्थी यूनिफॉर्म से अलग रंग अथवा डिजाइन का स्वेटर पहनकर आता है तो उसे क्लास में बैठने से रोका नहीं जाए। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जनजातीय कार्य विभाग के सभी जिला सहायक आयुक्तध्संयोजकों के नाम एक आदेश जारी किया है।

### किसी भी रंग की स्वेटर पहन सकेंगे छात्र

आदेश में कहा गया कि कई प्रकरणों में यह देखने में आया है कि विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित यूनिफॉर्म अथवा सर्दी के मौसम में अलग-अलग रंग अथवा डिजाइन के स्वेटर गरम कपड़े पहनने के कारण विद्यार्थियों को कक्षा में आने से वंचित कर दिया जाता है यानि उन्हें क्लास में बैठने से रोक दिया जाता है।

### जूते चप्पल पहनकर क्लास में आ सकते हैं विद्यार्थी

विभाग ने कहा कि यदि विद्यार्थी सर्दी के मौसम में किसी दिन यूनिफॉर्म से अलग रंगध्डिजाईन के कपड़ेध्स्वेटर पहनकर विद्यालय में आते हैं तो उन्हें कक्षा में उपस्थित होने से न रोका जाए। शिक्षा विभाग ने आदेश में आगे कहा कि यह भी देखने में आया है कि सर्दी के मौसम में विद्यार्थियों को उनके जूते चप्पल कक्षा के बाहर उतारने के लिए बाध्य किया जाता है, जिससे विद्यार्थी का स्वास्थ खराब होने की संभावना होती है। अतः विद्यार्थियों को कक्षा के बाहर जूते चप्पल उतारने हेतु बाध्य न किया जाए। इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।जिले में ठंड का दौर जारी है सुबह-सुबह स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी भीषण ठंड का सामना करना पड़ रहा है। अब शिक्षा विभाग का एक आदेश दिया है, जिससे स्कूली बच्चों को बड़ी राहत मिली है ये आदेश सरकारी और प्राइवेट दोनों स्कूलों में लागू होगा।

# तीन साल पहले बनें कन्या विद्यालय के अतिरिक्त भवन में निकलने लगी दरारें



**तेंदूखेड़ा** जहां शासन उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था मुहैया उपलब्ध कराने के साथ विद्यालय परिसरों भवनों को सर्वसुविधायुक्त बनाये जाने की दिशा में पर्याप्त मात्रा में राशि उपलब्ध कराई जा रही है। लेकिन तेंदूखेड़ा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन में छात्राओं को बैठनें की समस्या को देखते हुए यहां पर राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन के तहत लगभग एक करोड़ रुपए की राशि मुहैया कराई गई थी लेकिन पेटी पर काम लेकर गुणवत्ता को ताक पर रखकर हुये निर्माण कार्य की कल ई तीन साल बाद ही खुलने लगी है।दीवारों में दरारों के साथ ऊपरी सतह वाली बाउंड्री वॉल और छत काफी गंभीर स्थिति में पहुंच गया है। सबसे बड़ी समस्या यहां पर छात्राओं को बैठनें की बनीं हुई है जिस उद्देश्य को लेकर कक्ष बनाये गये हैं लेकिन छात्राओं की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए अभी भी बैठने में संकीर्णता बनीं हुई है। एक विद्यालय एक परिसर के चलते यहां पर कक्षा छठवीं से बारहवीं तक की 803 छात्राएं अध्ययन किया करती है।कक्षा बारहवीं ग्यारहवीं नवमीं कक्षा



में तीन तीन सेक्सन होने के कारण और दसवीं कक्षा में दो सेक्शन होने की स्थिति में यहां पर कक्षों की संख्या कम पढ़ रही है। विद्यालय में जिस दिन संपूर्ण छात्राएं विद्यालय में पहुंच जाती हैं उस दिन छात्राओं को बैठनें की समस्या बन जाती है। बरसात के दिनों में पूरे परिसर में भवनों में रिसाव के चलते छात्राओं को बैठनें में परेशानी हुआ करती है।

वैसे तो इस विद्यालय को आफिस कार्य से लेकर लायब्रेरी और लेव प्रयोग शाला को देखते हुए अभी 10 कक्षों की जरुरत और बनीं हुई है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह बनीं हुई है कि विद्यालय भवन निर्माण की स्वीकृति जैसे तैसे मिल भी जाती है लेकिन ठेकेदार ऊपर से ही ठेका लेकर पेटी पर काम देकर गुणवत्ता को भूल जाते हैं। पूर्व में सीएम राइज फिर पी एम श्री विद्यालय का दर्जा मिलने की काफी लंबे समय तक सुगबुगाहट चली द्वितीय चरण में सूची में नाम में शामिल हुआ था और भवन के लिए लगभग जमीन भी आरक्षित की कार्रवाई हुई थी लेकिन उसके बाद से अभी तक सब ठंडे बस्ते में डला हुआ है।

### नीचे फर्श पर बैठकर करतीं हैं शिक्षा ग्रहण



यहां पर सबसे बड़ा सोचनीय विषय तो यह देखने को मिला कि आधी छात्राएं फर्नीचर पर और आधी छात्राएं नीचे फर्श पर बैठकर शिक्षा ग्रहण किया करतीं हैं। पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर भी नहीं है। चूंकि और फर्नीचर के लिए इसलिए भी डिमांड नहीं की गई है क्योंकि ज्यादा जगह घेरने के चक्कर में कक्ष में फर्नीचर नहीं बन पाते हैं।

### इनका कहना है

तीन साल पहले बनें विद्यालय परिसर में जो भवन बनाया गया था उसमें दरारें तो आ रही है और बरसात में छत से पानी का रिसाव हुआ करता है।जिसकी जानकारी विभागीय स्तर पर भी दी गई है। सुधार की दिशा में अभी तक कोई काम शूरु नहीं हुआ है। फर्नीचर की कमी तो है लेकिन कक्षों में फर्नीचर बनते भी नहीं है।

**रश्मि शर्मा**
**प्रभारी प्राचार्य**
**शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा**